







## एक नजर में

### कलेक्टर ने प्रभारी परियोजना अधिकारी गरोठ चंदा राय की दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी

**मंदसौर।** कलेक्टर अदिती गर्ग ने कदाचरण की दोषी पर्यवेक्षक चन्दा राय को म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 16 के तहत आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की लघु शास्ति से दंडित किया गया है। प्रभारी परियोजना अधिकारी (मूलपद-पर्यवेक्षक) परियोजना- गरोठ क्र. 02 श्रीमती चन्दा राय के द्वारा श्रीमती सुन्दरबाई से सेवा पृथक्करण कार्यवाही को रोकने के एवज में रिश्वत की मांग की गई। प्रभारी परियोजना अधिकारी (मूल पद-पर्यवेक्षक, तृतीय श्रेणी) श्रीमती चन्दा राय का उक्त कृत्य म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम एक एवं तीन के अनुपालन नहीं करने से कदाचरण की श्रेणी में आता है। प्रभारी परियोजना अधिकारी (मूल पद-पर्यवेक्षक, तृतीय श्रेणी) श्रीमती चन्दा राय का व्यवहार अत्यन्त अशोभनीय एवं शासन की छवि धुमिल करने वाला है। एवं निष्ठा संदिग्ध होना भी प्रमाणित है। इस कारण आगामी दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की लघु शास्ति से दंडित किया गया है।

### जिले में अब तक 490.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 490.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 7.8 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 2.0 मि.मी., सीतामऊ में 0 मि.मी., सुवासरा में 6.0 मि.मी., गरोठ में 24.8 मि.मी., भानपुरा में 32.0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 4.0 मि.मी., धुधंड़का में 0 मि.मी., शामगढ़ में 6.0 मि.मी., संजीत में 3.0 मि.मी., कयामपुर में 8.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 536.0 मि.मी., सीतामऊ में 406.4 मि.मी. सुवासरा में 350.2 मि.मी., गरोठ में 498.2 मि.मी., भानपुरा में 1217.8 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 278.0 मि.मी., धुधंड़का में 368.0 मि.मी., शामगढ़ में 441.4 मि.मी., संजीत में 376.0 मि.मी., कयामपुर में 391..3 मि.मी. एवं भावगढ़ में 534.0 वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। गांधीसागर बांध का जल स्तर अब तक 1292.51 फीट है।

### पुलिस को मुखबिरी के शक में दंपत्ति से मारपीट, 5 पर केस दर्ज

**पिपलियामण्डी।** एक परिवार पर पड़ोसियों ने पुलिस को मुखबिरी करने के शक में जानलेवा हमला कर दिया। फरियादी पप्पू बावरी ने पिपलियामंडी थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि वह मजदूरी करता है और घटना के वक्त घर पर खाना खा रहा था। तभी गोवर्धन बावरी व विजय बावरी घर के बाहर आकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर विजय ने लठ से सिर व पीठ पर हमला किया, वहीं गोवर्धन ने लात-घूंसे मारे। बचाव करने आई पत्नी पुष्पा पर तारा बाई ने हमला कर दिया। कुछ देर बाद ईश्वर बावरी व सुरेश बावरी भी मौके पर पहुंचे और ईंट से पप्पू व उसकी पत्नी के सिर पर वार किए, जिससे दोनों घायल हो गए। फरियादी के अनुसार, आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और भाग गए। पुलिस ने महिला सहित पांचों आरोपियों पर केस दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### श्री हक्कौर कथा का भव्य शुभारंभ

**गढ़मौर।** श्री बकेश्वर धाम फतेहगढ़ स्थित बालाजी मंदिर में सावन मास के पावन अवसर पर भगवान श्री हक्कौर कथा का शुभारंभ किया गया। यह आयोजन ग्राम खस्तमऊ, तहसील सुवासरा, जिला मंदसौर के समस्त ग्रामवासियों द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न कराया जा रहा है। कथा के प्रथम दिवस पर पोथी एवं दैविक यात्रा के साथ कथा प्रारंभ हुई। बालाजी मंदिर से डोल यात्रा निकाली गई, जिसमें श्री दत्तात्रेय बटुक भैरव एवं हक्कौर पोथी को सिर पर धारण कर गांव भ्रमण किया गया। डोल यात्रा में ग्रामवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## अंडरब्रिज को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश लसुडिया ईला पंचायत में लगाया ताला

नवभारत न्यूज

**मंदसौर। कचनारा व लसुडिया ईला के बीच जाने के रास्ते में रेल्वे फाटक को हटाकर अडरब्रीज बनाया जा रहा है जिससे ग्रामीणो को काफी परेशानी हो रही है। इस को लेकर ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत लसुडिया ईला में पहुचकर विरोध प्रदर्शन कर पंचायत में ताला लगा दिया।** ग्रामीण अभिषेक रावल व जितेंद्र सिंह, गजेंद्र मीणा, प्रताप सिंह, मुकेश मीणा, दरबार सिंह, माधव मीणा, मनोहर मीणा, विपिन मीणा, जगन्नाथ,कारूलाल चौधरी, सत्यनारायण धनगर, कमलेश



मीणा, आदि ने गॉव वालो से के साथ इस संबंध में डीआरएम रतलाम से बात कर बताया कि जो अडरब्रीज का निर्माण किया जा रहा है वह गुणवत्ता का नही हो रहा है और अडरब्रीज में जल भराव की स्थिती दिखाई। जो ग्रामीणो का वैक्लपिक रास्ता था वो भी रेल्वे ठेकेदार द्वारा अवरूध कर दिया गया, जिससे ग्रामीणो का शहर के रास्तो से जुडाव खत्म हो गया तथा स्कुल बस का ग्रामीण क्षैत्र मे आवागमन बंद हो गया है जिससे स्कुल में पढने वाले बच्चो का पढाई का नुकसान हो रहा है। रावल ने बताया की यदि कोई बीमार हो जाता है तो ऐसे अस्वस्थ व्यक्ति को इलाज के लिये ले जाने मे भी काफी असुविधा होती है पंचायत सचिव का कहना है कि अडरब्रीज की कोई अनुमति पंचायत से नही ली गई है ।

## मास्टर ट्रेनर ने लोक सूचना अधिकारियों को दिया प्रशिक्षण

**मंदसौर।** ई दक्ष प्रबंधक द्वारा बताया कि कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग भारत सरकार द्वारा आयोजित आर.सी.वी.पी नरोन्हा प्रशासनिक अकादमी भोपाल के मार्गदर्शन में ई दक्ष केंद्र मंदसौर में सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। जिसमें जिले के विभिन्न कार्यालय से लोक सूचना अधिकारी, सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं शाखा प्रभारी को मास्टर ट्रेनर श्री सत्येंद्र राठौर द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के उद्देश्य पृष्ठभूमि तथा प्रावधानों से अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से लोक सूचना अधिकारी को सूचना प्रदान करने के संबंध में उनकी भूमिका, बाध्यता, छूट, अपील तथा पेनल्टी आदि के बारे में बताया गया। अधिनियम लागू होने के बाद हुए सभी संशोधन एवं प्रशिक्षणार्थियों के प्रश्नों का निराकरण एवं उपाय बताए गए।

## सिर्फ ट्रैक्टर का ही नहीं ट्रॉली व किसानों का भी बीमा करें बीमा कंपनियां

**भानपुरा।** देश में ट्रेक्टर का बीमा तो हो जाता हैं परन्तु ट्रेक्टर को चला रहे, बैठे हुए देश के भाग्य विधाता किसान व उसके ट्रैक्टर में लगी हुई ट्रॉली का बीमा नहीं किया जाता है, भारतीय जनता पार्टी के नेता व समाज सेवी पूर्व राज्य सभा सांसद विमल कुमार चौरड़िया के



पुत्र यात्री बस सेवा व्यवसाई नवल कुमार चौरड़िया ने देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर कर बीमा कम्पनियों द्वारा धरती पुत्र किसानों के साथ की जा रही दोहरे मापदंड को समाप्त किये जाने की मांग करते हुए उपरोक्त तरह तरह की ट्रैक्टर नुकसानी वाली बीमा पॉलिसी के साथ किसान व ट्राली को भी आवश्यक प्रीमियम जोड़कर किसानों के हित में बीमा पालिसिया शुरू करने की मांग की है। चौरड़िया ने ट्रैक्टर को चला रहे किसान व ट्रॉली और उसमें बैठे मजदूर की भी मृत्यु हो जाती है तो इंश्योरेंस कंपनी भुगतान नहीं करती है तथा वह जिम्मेदारी ट्रैक्टर मालिक के ऊपर आ जाती है ।

## बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, हाईवे की दुर्दशा बनी हादसों का कारण

**मंदसौर। क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से जारी रुक-रुक कर हो रही वर्षा ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। बारिश के चलते न केवल व्यावसायिक गतिविधियाँ बाधित हुई हैं, बल्कि कृषि कार्यों पर भी प्रतिकूल असर पड़ा है। मजदूर वर्ग को काम की कमी के चलते सबसे अधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।**

नगर के मुख्य मार्गों, गली-मोहल्लों और कॉलोनियों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन बाधित है। रिमझिम बारिश के चलते कीचड़ और फिसलन के कारण कई छिटपुट हादसे भी हो चुके हैं। अब तक क्षेत्र में औसतन 17 इंच वर्षा रिकॉर्ड की जा चुकी है।



सीतामऊ-मंदसौर हाईवे की हालत अत्यंत खराब हो चुकी है। सड़कों के किनारे जगह-जगह पानी भर जाने और काली मिट्टी से बने कीचड़ के कारण दो और चार पहिया वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर दोपहिया वाहन चालकों को फिसलन भरे रास्तों पर जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ रहा है।

## लाखों की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन लोकार्पण के बाद भी संचालित नहीं हो पा रही



▶ मुख्यमंत्री ने वर्चुअल कार्यक्रम के तहत शुभारम्भ किया था

**गरोठ। जिले सहित तहसील क्षेत्र मे लाखों की लागत से शासकीय भवन बने जिनमे पदों की भर्ती सहित अन्य सुविधाओं के अभाव मे अधिकांश भवन की बिल्डिंग बन के तैयार हे। कुछ मे जिम्मेदार कर्मचारीयों की देखरेख के अभाव से लापरवाही की भेंट चढ़ते जा रहे।** शामगढ़ तहसील अंतर्गत आने वाले गांव घट्टीयाड्डआदर्श गांव में करीबन 28.26 लाख की लागत से आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र भवन बनाया गया है। लोकार्पण के 02 साल बाद भी नए भवन में आदर्श आंगनवाड़ी संचालित नही हो पाई है। गरोठ विकासखंड की 100 ग्राम के 196 गांवों में से एक गांव घट्टिया आदर्श में आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र स्वीकृति हुए थी। आदिम जनजाति कल्याण विभाग के तहत राशि स्वीकृति हुए थी ।लोकार्पण 06 अक्टूबर 2023 को मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने वर्चुअल लोकार्पण किया। गया था। 02 साल बाद भी नए भवन में आदर्श आंगनवाड़ी संचालित नही हो पाई है ।मंदसौर में महिला और बाल विकास विभाग ने अच्छी पहल की थी। महिला एवं बाल विकास हर विकासखंड में एक आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र बानने का लक्ष्य रखा था,जो बाल शिक्षा केंद्र के नाम से संचालित होगी ।नर्सरी जैसी सुविधाएं दी जाएंगी।

**एक नजर** | डाबी ने अनाथों, बुजुर्गों और गरीब बच्चों के लिए मदद का जज्बा जगाया

## विशाल डाबी ने मंदसौर वेबसाइड के माध्यम से भलाई की सप्लाई संस्था शुरू की

▶ जन सहयोग से भलाई की सप्लाई संस्थान चलाकर बदल दी अनाथों की जिंदगी





**मंदसौर। मंदसौर, शामगढ़ के निवासी विशाल डाबी द्वारा जिला स्तरीय प्रयोजन मन से मंदसौर वेबसाइड के माध्यम से भलाई की सप्लाई नाम की एक संस्था का संचालन किया है। अनाथों और गरीबों की मदद का सिलसिला शुरू किया है। इसको 'भलाई की सप्लाई' नाम दिया गया है। इस संस्थान के माध्यम से अनाथों, बुजुर्गों और गरीब बच्चों के लिए मदद करते है।** कल तक जो बच्चे अनाथ और गरीब होने से सड़कों पर भीख मांगते थे, वही बच्चे आज स्कूल जा रहे हैं। बेसहारा बुजुर्गों को अब रात को भूखा नही सोना पड़ता। इसकी वजह है 'भलाई की सप्लाई' जो इनका सहारा बन चुकी है। ट्रेन कि यात्रा के दौरान हुई, यात्रा के दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति से मुलाकात हुई, जो कि सर्दी से कांप रहा था। उसकी हालत देख श्री विशाल ने अपनी जैकेट उतार कर पहना दी। इसके बाद ही मदद का जज्बा और मजबूत हो गया और 'भलाई की सप्लाई' की नींव की शुरुआत हुई।

'भलाई की सप्लाई' करने वाले सेल्फी लेते हैं और आपस में शेयर करते हैं, जिससे दूसरों को भी प्रेरणा मिलती है। इसी से शामगढ़ के बाद मंदसौर में दो ग्रुप बन चुके हैं। इसी कड़ी में अब नीमच, रतलाम से होते राजस्थान के प्रतापगढ़ तक में 'भलाई की सप्लाई' का आगाज हो चुका है।

करते हैं बर्थ सेलीब्रेशन

ऐसे बच्चे जो अनाथ और बेसहारा है, उनके बर्थ डे पर साथियों के साथ रेस्टोरेंट ले जा कर केक काटने के साथ ही जश्न मनाया जाता है और रेस्टोरेंट में ही खाना खिलाया जाता है। रतलाम के अलावा प्रतापगढ़ (राजस्थान) तक से फोन आए है, ।

# नीमच

## एक नजर में

### परीक्षा केन्द्र से कार्यदिवस में समय अंकसूची प्राप्त करे

**नीमच।** मध्य प्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल की रूक जाना नही, आ लौट चले योजना, 5वी, 8वी (स्वाध्यायी) एवं ओपन स्कूल 10वी, 12वी एवं 12 आईटीआई की माह जून 2025 में आयोजित परीक्षा की अंकसूची परीक्षा केन्द्र शा.बा.उ.मा. वि.क्र.02 नीमच को प्राप्त हो गई है। संबंधित विद्यार्थी जिन्होने माह जून 2025 में आयोजित रूक जाना नही, आ लौट चले, ओपन परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है वह अपने परीक्षा केन्द्र से कार्यदिवस में समय 04.00 से 05.00 बजे तक अंकसूची प्राप्त कर सकते है। अंकसूची प्राप्त करने के लिये जून 2025 परीक्षा का प्रवेश पत्र साथ लाना अनिवार्य है, परीक्षार्थी को रूक जाना नही की अंकसूची प्राप्त करने के लिये माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल की अनुत्तीर्ण परीक्षा की मूल अंकसूची परीक्षा केन्द्र पर अनिवार्यत: जमा करवाना होगी।

### भादवा माता की महिमा पर आधारित महामाया फिल्म 3 अगस्त 2025 को रिलीज होगी

**नीमच।** मालवांचल तथा देश के सनातनियों को मां भादवा माता की महिमा विश्वास और आस्था से रूबरू कराने के लिए नीमच क्षेत्र के होनहार





कलाकारों द्वारा बूंद प्रोडक्शन के माध्यम से एक फिल्म बनाई गई है जिसे 3 अगस्त 2025 को यूट्यूब प्लेटफॉर्म पर बूंद प्रोडक्शन चैनल पर रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म में मुख्य किरदार नीमच के जाने माने कलाकार आर एन चौधरी जिन्हे पटेल बा और बाबूडीया के नाम से पहचाना जाता है, इनके साथ महाकाल की भक्ति को इंस्टाग्राम के माध्यम से फैलाने वाली कलाकार मीनाक्षी यादव और साथी टीम के रूप में मंदसौर की चंचल पिपलोदिया, चरण जाट,राकेश मिश्रा, एस एन टेलर, विनोद भाटी, आस्था पाटिल, दीपा सिंह, दिनेश पाटीदार , निरंजन हैं। फिल्म का निर्देशन बूंद प्रोडक्शन के डायरेक्टर विनोद परमार द्वारा किया गया है। उक्त जानकारी टीम के सदस्य हेमंत शर्मा ने दी।

### गौशालाए-गौवंश को शेड में रखें



**नीमच।** उप संचालक पशुपालन नीमच डॉ.राजेश पाटीदार ने बताया, कि उप संचालक पशुपालन कार्यालय में गुरूवार को जिले में संचालित पंजीकृत शासकीय एवं अशासकीय गौशालाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। बैठक में गौशालाओं के संचालकों को गौशालाओं में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने एवं गौवंशों को शेड में रखने बीमार एवं गंभीर गौवंशों के लिए एक संजीवनी वार्ड आई.सी.यू. वार्ड पृथक से बनाने के निर्देश दिए गये। बैठक में मृत गौवंशों के उचित निस्तारण के लिए (गौ समाधि) बनाने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में जिले की सभी गौशालाओं के संचालक उपस्थित थे।

### आकांक्षा योजना के तहत कोचिंग के लिए चयन परीक्षा

**नीमच।** आकांक्षा योजना के तहत वर्ष 2025-26 जे.ई.ई., नीट एवं क्लेट की कोचिंग में प्रवेश के लिये चयन परीक्षा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नीमच में 2 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक आयोजित की जा रही है।

## विमुक्त, घुमंतु, समुदाय की समस्याओं के निवारण के लिए शिविर लगाएं

▶ विमुक्त घुमंतु, अर्द्धघुमंतु समुदाय के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाए

▶ पात्र हितग्राहियों को सभी योजनाओं का लाभ दिलाए



बैठक में अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा ने विभागवार संचालित योजनाओं में योजनावार घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु वर्ग के लाभांवित हितग्राहियों की भागीदारी की समीक्षा की और निर्देश दिए,कि सभी विभागों की योजनाओं में इस समुदाय के पात्र हितग्राहियों की भी अनुपातिक भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

**नीमच। विमुक्त घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय की समस्याओं के निराकरण एवं उन्हें विभिन्न विभागों के माध्यम से संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं, स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए विकासखण्ड स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाए। इस समुदाय के मजरों, टोलों को आबादी क्षेत्र घोषित करने की कार्यवाही की जाए।** इस समुदाय के सभी जनजातियों के लोगों विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने का कार्य भी प्राथमिकता से किया जाए। जिससे, कि उन्हें योजनाओं का लाभ लेने में कोई असुविधा ना हो। यह निर्देश म.प्र.विमुक्त, घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय विकास अभिकरण के अध्यक्ष बाबूलाल बंजारा ने गुरूवार को नीमच के कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जिला अधिकारियों की बैठक में विभागीय समीक्षा के दौरान दिए।

बैठक में मालवा प्रांत प्रमुख श्री रविप्रताप बुदेला, श्री जसवंत बंजारा, हीरालाल धनगर सहित घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु समुदाय के जनप्रतिनिधि सहित एडीएम लक्ष्मी गामड़, एसडीएम संजीव साहू एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे ।बैठक में अध्यक्ष श्री बाबूलाल बंजारा ने बाछड़ा समुदाय के कल्याण के लिए नीमच जिला प्रशासन द्वारा संचालित पंख अभियान नीमच की सराहना की।

उन्होने सशक्त वाहिनी योजना के तहत नीमच में पुलिस, पैरामिलीट्री फोर्स, सेना में भर्ती की तैयारी के लिए चलाए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा, कि मनासा एवं जावद विकासखण्ड मुख्यालयों पर पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए घुमंतु, अर्द्ध घुमंतु विमुक्त जनजाति के युवाओं को सूचीबद्ध कर निःशुल्क प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। जिससे, कि इस समुदाय के युवा समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकें।

## 25 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**कुकडेश्वर।** बीती बुधवार की शाम एक 25 वर्षीय युवती ने अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसका पुलिस ने गुरुवार सुबह मनासा शासकीय अस्पताल में पीएम करवाकर शव परिजनों को सौंप मर्ग कायम किया। गुरुवार दोपहर 2 बजे कुकडेश्वर थाने से मिली जानकारी के अनुसार कुकडेश्वर नगर में बुधवार देर शाम अज्ञात कारणों के चलते बलजीत कोर बग्गा पिता हरबंश सिंह बग्गा उम्र 25 वर्ष ने अपने ही घर में फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। जिसे परिजन बुधवार देर रात मनासा शासकीय चिकित्सालय लेकर पहुंचे। जहां उक्त युवती को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जिसका गुरुवार सुबह 11 बजे करीब कुकडेश्वर पुलिस ने पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप, मर्ग कायम कर जांच की जा रही।

### श्रीमद् भागवत कथा 28 से

**नीमच।** श्री हरि सत्संग मंडल जावद के तत्वाधान में पंडित श्री रुद्रदेव जी त्रिपाठी जावद वाले के श्री मुख से श्रीमद् भागवत व श्री कृष्ण लीलामृतम का आयोजन परिक्रमा मार्ग स्थित श्री राधे श्याम आश्रम वृंदावन में 28 अगस्त से 3 सितंबर 2025 तक प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे तक आयोजित होगी।



## सिंगोली तहसील के गांव पिपलीखेड़ा में दूषित पानी के कारण उल्टी दस्त से कई लोग प्रभावित

▶ अनेक लोग बीमार होकर अस्पताल में हुए भर्ती

**सिंगोली। सिंगोली तहसील क्षेत्र के नजदीकी गांव पिपलीखेड़ा में विगत दो दिन से उल्टी दस्त की बिमारी जबरदस्त तरीके से फैल रही है।** लगभग सौ से अधिक लोग उल्टी दस्त से ग्रसित होकर सिंगोली बेगूं ओर भिलवाड़ा के अस्पतालों में भर्ती हे। ग्राम के सुरेश धाकड़ ओर खेमराज बंजारा ने बताया कि दो दिन से अचानक गांव में उल्टी दस्त का प्रकोप बढ़ गया ओर घर घर मे लोग उल्टी दस्त की चपेट मे आ रहे हैं। बीमारी का कारण गांव वाले दुषित पानी को बता रहे हैं। पिपलिखेड़ा में बिमारी फैलने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम तथा तहसीलदार पटेल एवं नायब तहसीलदार मकवाना भी गांव में पहुंचे और गांव के लोगों से मिलकर जानकारी ली तथा ग्रामीणो को प्रशासन की ओर से पुरी तरह मदद की बात कही ओर बिमार लोगों को अच्छा इलाज मिले ऐसा संबंधित कर्मचारीयो को निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग भी जानकारी के बाद सजग हो गया है। वही पी एच ई विभाग भी पानी का सेम्पल लेकर जांच करवा रहा हू।



## जर्जर एवं गड्ढा युक्त सड़क से निजात दिलाने कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को दिया ज्ञापन

**सिंगोली।** नगर के सबसे व्यस्ततम तिलस्वां चौराहे से लेकर नीमच नाके तक पूरा सडक मार्ग जर्जर होकर मार्ग पर बडे बडे गड्ढे हो रहे हैं जिससे नगरवासियों सहित बाहर से आने जाने वाले राहगीर आए दिन दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं जिससे क्षुब्ध कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर कांग्रेस अध्यक्ष राजेश नागोरी के नेतृत्व में तहसीलदार को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द सड़क बनवाने की मांग की है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोली के सबसे भीड़ भाड़ और व्यस्त चौराहे से लेकर नीमच नाके तक की सड़क लंबे समय से अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है ।इस संबंध में अनेक बार नगर परिषद, लोक निर्माण विभाग को भी अवगत करवाया लेकिन वहीं ढाक के तीन पात ।शुक्रवार को आक्रोशित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिलस्वां चौराहा पर एकत्रित होकर पैदल मार्च करते हुए तहसील कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल को ज्ञापन दिया।

**एक नजर** | 27 दिवसीय शिव महापुराण एवं पार्थिव शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम प्रवाहित

## भगवान भक्तों के अधीन होते हैं : रुद्रदेव त्रिपाठी

**नीमच। जब भी भक्तों पर संकट आता है तो भगवान संकट की घड़ी में उस संकट को दूर करने अवश्य भक्त के पास पहुंचते हैं। नरसी भक्त के पास कृष्ण भगवान 52 बार धरती पर आए थे।**

**नरसी भक्त को अपने भगवान कृष्ण पर इतना भरोसा था कि बिनानी भाई का मायरा भरने के लिए नानी बाई के यहां बिना कुछ लिए ही पहुंच गए थे। और आखिर में भगवान कृष्ण को 56 करोड़ का मायरा भरने स्वयं आना पड़ा था।**



भगवान भक्तों के अधीन होते हैं। यह बात गुरुदेव रुद्रदेव त्रिपाठी (जावद वाले) ने कहीं ।वे श्री हरि सत्संग मंडल एवं भक्तगण के तत्वाधान में गोमाबाई रोड स्थित लायन्स डेन सभागार में 11 जुलाई से 6 अगस्त तक आयोजित 27 दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा एवं पर्वतीय शिवलिंग पूजन अभिषेक एवं रुद्राक्ष वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे उन्होंने कहा कि शत्रु से प्रजा की रक्षा करना प्रत्येक राजा का कर्तव्य होता है।

शिव महापुराण कथा के मध्य में महाराज रुद्रदेव त्रिपाठी द्वारा विर्दभ देश राजा, राजा वीर सेन, भीम , सन्यासी भेष ,नल दमयंती,पांडव, पुंडरीक, भक्त नरसी मेहता सहित विभिन्न धार्मिक शिक्षाप्रद विषयों के प्रसंग सुनाये.

शिव महापुराण पोथी पूजन आरती में खंडेलवाल महिला मंडल नीमचआदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित थे। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

23108 रुद्राक्ष से निर्मित शिवलिंग के समक्ष 375000 महामृत्युंजय जप 27 दिन में होंगे पूर्ण भूतेश्वर महादेव मंदिर जावद के संत गुरुदेव रुद्रदेव त्रिपाठी के सानिध्य में सुख समृद्धि एवं विश्व कल्याण एवं शांति की प्रार्थना के साथ लायन डेन सभागार में 23108 रुद्राक्ष माला से बने शिवलिंग के समक्ष प्रतिदिन 8 घंटे महामृत्युंजय जाप 11 विद्वान पंडितों द्वारा किया जा रहा है।